हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 9 जुलाई 2025

06 चौतरिया पर रखा सिर, कुल्हाड़ी से की बेरहमी...



07 महिला स्व सहायता समूह के नाम पर लाखों का...





## खबर संक्षेप

### आर के सेन प्रभारी प्राचार्य बने

**सागर।** स्थानीय सीआर मॉडल बहु उच्चतर माध्यमिक शाला नरयावली नाका वार्ड सागर के पूर्व एनसीसी अधिकारी आर के सेन प्रभारी प्राचार्य बने। इस उपलब्धि पर उनके मित्रों और शुभचिंतको ने बधाई दी है। बधाई देने वालो में पूर्व प्राचार्य एस के रोहण, एन पी चतुर्वेदी, डॉ अरुण कुमार सोनी, यू के नागार्च, योगेश घोषी, एन पी सकवार, अमित , अनीता शुक्ला, रेखा चौरसिया, कु शैली शुक्ला, शिवानी सेन, सौरभ सेन, चिंतामन पटेल, विजय रंजन श्रीवास्तव आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### सैनिक सम्मेलन 10 जुलाई को

**सागर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सागर में सैनिक सम्मेलन 10 जुलाई को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन यूपीएस भदौरिया ने बताया कि सैनिक सम्मेलन में पूर्व सैनिकों/विधवाओं को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। उन्होंने समस्त पूर्व सैनिकों/विधवाओं से सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है।

### सदा शिव प्रतिमा स्थल पर किया पौधरोपण

**सागर।** रावतपुरा सरकार के वेदांती स्थित आश्रम में आयोजित शिव प्रतिमा लोकार्पण एवं सदगुरु रावतपुरा सरकार के प्राकट्योत्सव महोत्सव के अवसर पर गुरु भाईयों ने सदा शिव प्रतिमा के समक्ष कल्प वृक्ष के पौधरोपण किया एवं उसके संरक्षण का संकल्प लिया। पौधरोपण करने वालों में शिष्य मंडल के सदस्य त्रिभुवन मिश्रा, भानू रावत, सूर्यकांत अवस्थी, योगेश तिवारी, शिवहरी मिश्रा, राजेन्द्र सिंह, महेन्द्र साहू, महिमा मिश्रा आदि शामिल थे।

### जिले में अब तक 351.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 351.4 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 505.2 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 329.3 मि.मी., जैसीनगर में 262.2 मि.मी., राहतगढ़ में 505.2 मि.मी., बीना में 228.4 मि.मी., खुरई में 322.3 मि.मी, मालथौन में 277.5 मि.मी., बण्डा में 408.4 मि.मी, शाहगढ में 357.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 389.8 मि.मी, रहली में 384.0 मि.मी, देवरी में 321.4 मि.मी.केसली में 430.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग को सभी विभाग प्रमुखता से ठीक करें

**सागर।** समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग को सभी विभाग प्रमुख ठीक करें और निम्न ग्रेडिंग वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अधिकारी पुरानी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के प्रकरणों का गंभीरता के साथ निराकरण करें एवं नई शिकायत वाले शिकायतकर्ता से संपर्क करें और उसका तत्काल निराकरण कराएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अधिकारी प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करें। कलेक्टर ने नॉन अटेंडेड शिकायतों के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे सभी नॉन अटेंडेड शिकायतों को प्राथमिकता के साथ अटेंड कर निराकृत करें। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि सभी टीएल के प्रकरणों को समय से निराकृत करें तथा संबंधित की पोर्टल पर जानकारी अपलोड करें।

---

**खुरई के सौ सीटर मॉडल स्कूल छात्रावास का शुभारंभ किया**

# एकाग्रता और प्रतियोगी वातावरण से छात्रावासीय विद्यार्थी शिक्षा में आगे: पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

असफलता निराशा का नहीं सीख कर आगे बढ़ने का माध्यम है। हार से ही जीत और सफलता का रास्ता निकलता है। छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थी ज्यादा सफलता अर्जित करतें हैं क्योंकि यहां एकाग्रता है, उद्देश्य है और व्यवस्थित दिनचर्या का शेड्यूल है। यह विचार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई के माडल हायर सेकंडरी स्कूल के पास 3.87 करोड़ लागत से निर्मित 100 सीटर बालक/बालिका छात्रावास के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रखे।




पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने सैकड़ों स्कूली बच्चों को प्रेरक भाषण के माध्यम से सफलता के अनेक सूत्र दिए और भविष्य की संभावनाओं को समझाया। उन्होंने कहा कि छात्रावास का जीवन परिवार से तो दूर करता है लेकिन जीवन की सफलता की गारंटी की तरह होता है। यहां की तरह ध्यान, एकाग्रता और शिक्षा का वातावरण घरों में नहीं मिलता। इसीलिए हास्टलों में रहने वाले विद्यार्थी जीवन में तुलनात्मक रूप से ज्यादा सफलता अर्जित करते हैं। यहां शेड्यूल, संकल्प और लक्ष्य साधना के साथ अध्ययन करने से भविष्य के द्वार खुलते चले जाते हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि जीवन में असफलताएं ही सफलता की सीढ़ी हैं। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने इंग्लैंड के बर्मिंघम में चल रही क्रिकेट टेस्ट श्रृंखला में भारतीय युवा कप्तान शुभमन गिल का उदाहरण देकर कहा कि पहले टेस्ट में शुभमन की सेंचुरी के बाद भी भारत हार गया। लेकिन शुभमन से इस हार से मिले सबक सीखे। बेहतर प्लानिंग मेहनत और एकाग्रता से अगले टेस्ट में डबल सेंचुरी लगाई, इंग्लैंड को हराया और वहां जीत को एतिहासिक बना दिया।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम बाल्यकाल में अखबार बांटते थे लेकिन अपने संघर्षमयी जीवन को शिक्षा के सहारे बदल दिया। उन्होंने देश का मिसाइल कार्यक्रम बनाया, उनके नेतृत्व में भारत ने परमाणु बम परीक्षण कर परमाणु शक्ति राष्ट्र होने का गौरव हासिल किया और वे देश के राष्ट्रपति बने। सिंह ने विद्यार्थियों को महेंद्र सिंह धोनी के संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि धोनी जिस मैदान में खेलते थे उनके पिता उसी खेल मैदान के वाटरमैन थे, मैदान को सींचा करते थे। धोनी ने एकाग्रता और परिश्रम से अपने जीवन को सफल बनाया और देश के लिए विश्वकप लाकर दिया। उन्होंने कहा कि त्रेता और द्वापर युग में भी शिक्षा की गुरुकुल व्यवस्था छात्रावासीय व्यवस्था थी जिसमें घर छोड़ कर गुरु के आश्रम में रह कर पढ़ना और सीखना होता था। भगवान श्री राम और भगवान श्री कृष्ण दोनों गुरुकुलों के विद्यार्थी थे, भगवान श्री कृष्ण का गुरुकुल सांदीपनि आश्रम उज्जैन में आज भी है। पूर्व गृहमंत्री ने डा हरी सिंह गौर का उदाहरण देते हुए कहा कि वे गरीबी व अभावों में पढ़े और हमेशा मेरिट का लक्ष्य रख कर पढ़ते थे ताकि मेरिट के कारण स्कालरशिप मिले और उनकी आगे की पढ़ाई जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि खुरई में कस्तूरबा गांधी छात्रावास में सौ सीटें थीं लेकिन विद्यार्थियों की संख्या ज्यादा थी। यही दे कर यह दूसरा सौ सीटर छात्रावास बना कर दिया है जिसमें मॉडल स्कूल के छात्र यहीं रह कर अपना अध्ययन कर सकें। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन के लिए हमारे प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डा मोहन यादव लगातार सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। खुरई के गढ़ौला जागीर में 38 करोड़ की लागत से सीएम राईज स्कूल बन रहा है जिसे सांदीपनि स्कूल नाम हमारे मुख्यमंत्री ने दिया है। इसके दूसरे चरण में जितने भी सीएम राईज स्कूल स्वीकृत कराए गए हैं वे सभी ग्रामीण क्षेत्रों में ही खोले जा रहे हैं ताकि आसपास के दस पंद्रह किलोमीटर के ग्रामीण बच्चों को अध्ययन और शिक्षा के लिए मंहगे प्राइवेट स्कूलों से भी अच्छी उत्कृष्ट व्यवस्था निःशुल्क मिल सके। उन्होंने कहा कि खुरई में आईटीआई स्वीकृत कराई गई है, पालीटेक्निक कालेज को 7 करोड़ राशि दे कर नये रोजगार उन्मुख कोर्स शुरू कराए गए हैं। खुरई में कृषि महाविद्यालय खुलवाया गया है जिसका भवन बनना जारी है। यह सब इसलिए हो रहा है कि खुरई के बच्चे पढ़ें और शिक्षा से अपना, परिवार का और देश का भविष्य संवारें। उन्होंने कहा कि जैसी शिक्षा होगी देश भी वैसा ही बनेगा। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने छात्रावास का उद्घाटन कर उसका बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मैं देख रहा हूं इतना बड़ा परिसर वृक्षों से खाली है। उन्होंने नपा सीएमओ को निर्देश दिए कि यहां व्यापक वृक्षारोपण की व्यवस्था कराएं और "खुरई में एक दिन दस हजार वृक्ष "वृक्षारोपण कार्यक्रम में इसे शामिल कर हरेक विद्यार्थी से उसका वृक्ष लगवाएं। कार्यक्रम को एडीशनल डीपीसी अभय श्रीवास्तव ने छात्रावास व शिक्षण व्यवस्था का विवरण रखा। मीनू चौरसिया व उनकी सहेलियों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

---



### सनातन धर्म प्रचार सेवा मंडल के सदस्यों ने सामुदायिक भवन निर्माण कराने हेतु महापौर को ज्ञापन सौंपा

**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी को सनातन धर्म प्रचार सेवा मंडल के सदस्यों ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि राजीव नगर वार्ड में रिक्त पड़ी शासकीय भूमि पर सार्वजनिक एवं छोटे आयोजनों के लिए सामूदायिक भवन का निर्माण किया जाए। सनातन धर्म प्रचार सेवा मंडल ने ज्ञापन में लेख किया है कि राजीवनगर वार्ड रविशंकर स्कूल के पीछे बड़ी संख्या में नगर पालिक निगम सागर में कार्यरत कर्मचारी एवं अन्य समाज के लोग निवास करते हैं इस स्थान पर सार्वजनिक और छोटे आयोजनों के लिये किसी प्रकार का भवन नहीं है, केवल एक छोटी सी जगह है जिस पर सभी निवासियों के आयोजन होते हैं, जिससे गरीब परिवारों के लिये कई प्रकार की समस्यायें आती हैं। अतः आपसे निवेदन है कि इस क्षेत्र में सामुदायिक भवन बनाने की कृपा करें जिससे यहां के लोगों की मदद हो सके। महापौर ने सभी को आश्वत किया कि शीघ्र ही सामूदायिक भवन निर्माण कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर सनातन धर्म प्रचार सेवा मंडल के सभी प्रतिनिधियों ने महापौर संगीता सुशील तिवारी द्वारा पानी की व्यवस्था हेतु बोरवेल खुदवाने पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर सूर्यांश तिवारी, युवा भाजपा नेता रिशांक तिवारी, राजीव नगर वार्ड पार्षद प्रहलाद पटेल, यशवंत करोसिया, सरवन करोसिया, अशोक भारतीसहित बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

## पेपरलेस चुनाव की ओर बढ़ते कदम, जिले में पहली बार होगा पेपरलेस पंचायत चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के निर्देशन में जिले में होने वाले उपचुनाव में नई तकनीकी का उपयोग हो रहा है। जिसकी शुरुआत बीना जनपद और ग्राम पंचायत के चुनाव में जनता को देखने को मिलेगी। इस बार प्रयोग के तौर पर पेपरलेस मतदान किया जाएगा। यह प्रक्रिया अगर सफल हुई तो आगामी सभी चुनाव इसी माध्यम से किए जाएंगे। बीना में यह चुनाव इसी माह 22 जुलाई को होने हैं। केन्द्रीय चुनाव आयोग के द्वारा पेपरलेस चुनाव कराने पर कार्य चल रहा है। जिसके लिए डिजिटल मोबाईल और अन्य मशीनरी से करने की तैयारी की जा रही है। जिससे कर्मचारी की कमी को दूर किया जा सके वहीं मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को भीड़ भरे माहौल में इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इस ओर मध्यप्रदेश में डिजिटल लोकतंत्र की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है। सागर में 22 जुलाई 2025 को होने वाले पंचायत एवं जनपद पंचायत चुनावों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पूरी तरह पेपरलेस कराया जाएगा। इस नवाचारात्मक प्रयोग के सफल संचालन हेतु राज्य निर्वाचन आयोग तीन चरणों में वरिष्ठ अधिकारियों का दल भेजेगा। जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत बीना एवं चार ग्राम पंचायतों के सरपंच पद हेतु यह चुनाव संपन्न होंगे। इस प्रक्रिया में 16 मतदान केंद्रों पर संपूर्ण रूप से पेपरलेस प्रणाली अपनाई जाएगी, जो राज्य निर्वाचन आयोग के लिए एक मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में कार्य करेगा।

पहला चरण 7-8 जुलाई 2025 को प्रशिक्षण का पहला दौर शुरू होगा। इस दौरान पूर्व निरीक्षण और तकनीकी प्रशिक्षण, राज्य निर्वाचन आयोग के उप सचिव एवं चार तकनीकी अधिकारी जिला सागर पहुंचेंगे। वे मतदान केंद्रों का निरीक्षण करेंगे और सभी डिजिटल संसाधनों की स्थापना व जांच करेंगे। मतदान कर्मियों को फील्ड लेवल क्लियरेंस, रेंडमाइजेशन, और तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरा चरण 14-16 जुलाई 2025 को प्रशिक्षण का दूसरा दौर किया जाएगा। प्रशिक्षण का दूसरा दौर अवर सचिव संजू कुमारी द्वारा पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दल को प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया जाएगा। एमटी टीम का गठन, मॉक ड्रिल, लैपटॉप, सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन और निर्वाचन प्रक्रिया का पूर्वाभ्यास कराया जाएगा। उप सचिव मुकुल गुप्ता के नेतृत्व में आयोग का दल मतदान के दिन जिला प्रशासन के साथ मिलकर मतदान प्रक्रिया का संचालन करेगा। एसएसएमटी द्वारा मतदान सामग्री सीधे मतदान केंद्रों तक पहुंचाई जाएगी, जिससे अधिकारियों को कार्यालय में लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। डिजिटल नवाचार से बदलेगा चुनावी परिदृश्य राज्य निर्वाचन आयोग की यह पहल आगामी समय में प्रदेशभर में होने वाले चुनावों के लिए मॉडल प्रणाली बन सकती है। यह प्रक्रिया पारदर्शिता, प्रभाव शीलता और लागत नियंत्रण सुनिश्चित करेगी।

---

**श्री भक्तमाल कथा का पंचम दिवस**

# हरि नहीं मिले हैं तो कल मिलेंगें पर अब जब हरि नाम में खोकर तो देखो गुरू मिल गये तो हरि भी मिलेंगें: श्री किशोर दास देव महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

श्री भक्तमाल कथा के पंचम दिवस में श्री श्री स्वामी महंत श्री किशोर दास देव जू महाराज श्री राम वृंदावन ने अपनी अमृतमय वाणी से कहा कि मां की ममता जैसी होती है बालक कैसा भी किचड में सना क्यों न हो पर मां उस गंदगी में लिपटे उस बालक को देखती है उस गंदगी को नहीं देखती ऐसे ही जिनमें हमारी स्वामिनी श्री प्रिया जी हमारे भीतर की गंदगी नहीं देखती। करुणामयी कृपा मयी इसको नष्ट करेंगी। हमारे हृद्य को निर्मल बना देती है जैसी भी विकार क्यों ने हों जैसी हम श्री ठाकुर जी के चरणों की ओर बढ़ेगें। तो हमें बाहें फैलाकर ठाकुर जी अपने हृद्य से लगा लेंगें। जिस मां ने हमें जन्म दिया है वह भी उतना प्रेम नहीं करेगी। जितना प्रेम हमारे लिये हम जीवों के लिये युगल सरकार प्रेम करते हैं हम जीवों से हमलोगों की जब गुरूचरण युगल सरकार से हमारे लिये श्री प्रिया जी से प्रेम स्नेह मांगते हैं हमारे ठाकुर जी हमसे बहुत प्रीति करते है और हृद्य को निर्मल कर देते है भटकने की जरूरत नहीं है तुम तो युगल सरकार के चरणों को पकड लो संसार क्या, मै मेरा, तू तेरा, में संसार पड़ा है जो अपना पन श्री ठाकुर जी के चरणों में जुड जाता है तो भगवान रीझ जाते हैं हरि जितना प्यार इस जग में हमसे कोई नहीं कर सकता जितना प्रेम युगल सरकार हमसे करते हैं बुंदेलखण्ड सामान्य नहीं है यहां एक से एक रसकाचार्य इस पावन धरा बुंदेलखण्ड पर प्रकाट्य हुआ है वर्तमान की स्थिति ठीक नहीं है सूर्य भगवान जितना तपेंगें उतनी अच्छी बाषा होगी। सद्गुरू भगवान इतना अपने शिष्यों को डाटेंगें, उतना ही शिष्य में निखार आयेगा पर आज के युग में तो अलग स्थिति है। थोडे.से में ही शिष्य रूठ जाते है ये चलते फिरते श्यामा-श्याम है युगल सरकार और हमें सद्गुरू में कोई अंतर नहीं है ऐसा ही भाव स्वामी रसिक देव जू महाराज का है। आज की कथा में महंत श्री रामाश्रय दास जी महाराज केरवना, श्री राधारमण दास जी महाराज राजघाट, श्री विपिन बिहारी जी महाराज, श्री केशवगिरी जी महाराज, श्री नवीन जी महाराज, सहित आदि संत जनों ने आरती एवं व्यास पीठ को प्रणाम करके गुरू देव जी का आशीर्वाद लिया। पंचम दिवस में कथा की आरती करने वालों में गोविंद सिंह राजपूत केबीनेट मंत्री गुलाब सिंह राजपूत, प्रताप नारायण दुबे, अजय दुबे, गोलू रिछारिया, बुदेल सिंह बुदेला, डॉ. सुखदेव मिश्रा, डॉ. वीरेन्द्र पाठक, देवेन्द्र फुसकेले, शैलेश केशरवानी, आनंद तिवारी, दिलीप रैकवार, रामकुमार प्यासी, भरत तिवारी, पप्पू तिवारी, असंख्य दुबे, मनीश कुमार, ओम मिश्रा, अर्थव दुबे, बंसत बाबा चैरसिया, मुकेश साहू, अनिल दुबे, विनय मिश्रा, अनिल पिपरा, अंकित दुबे, रियार्थ दुबे, आषीश गोस्वामी ने कथा की आरती की । व्यास पीठ से आर्षीवाद लेने वालों में प्रतिभा तिवारी, ममता प्यासी, नीति दुबे, सविता पांडेय, निशांक दुबे, यश सेन, शिवम दुबे, मनीष रंहगदाले, महराज सिंह, इंद्रपाल राय, ने व्यास पीठ से आर्षीवाद लिया।




श्री गोपाल महायज्ञ में सुबह 08 बजे से दोपहर 02 बजे तक विद्वान पंडितों के द्वारा किया जा रहा है मंत्र उच्चरण के साथ सैकड़ो आहूतियां प्रतिदिन दी जा रही है श्री गोपालयज्ञ में अमृत लाल मिश्रा, उमेश मिश्रा, अनुराग प्यासी,अनिल नायक, महेन्द्र दुबे ये सभी गोपालमहायज्ञ के यजमान है। संतसेवा की प्रसादी में अमित मिश्रा, प्रभात मिश्रा, अंकुर नायक सहित आदि संत भोजन प्रसादी व व्यवस्था देख रहे हैं। आवास व्यवस्था में आदित्य पांडेय, सचिन पंडित। प्रदेश सहित अन्य राज्यों से जो भी गुरूभाई आ रहे है इनकी व्यवस्था की जा रही है।

---

## पशु मुक्त होंगी जिले की चार मुख्य सड़कें

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने नई पहल करते हुए पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिले की चार मुख्य सड़कों से पालतू एवं आबारा पशुओं से मुक्त कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, सीईओ, सीएमओ, सहित अन्य विभागीय अधिकारी प्रमुखता से कार्यवाही करें और पशुओं को मुख्य सड़कों से पकड़कर निजी एवं शासकीय गौशालाओं में भेजें एवं पशु मालिकों पर प्रत्येक पशु के हिसाब से जुर्माने की कार्यवाही करें और जुर्माने के बाद यदि कोई पशु सड़क पर आता है तो संबंधित पशु मालिक पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए संबंधित सड़कों पर सड़कों से लगी हुई ग्राम पंचायते, नगरीय निकाय के कोटवार, सचिव, सहायक सचिव, पटवारी, संबंधित अधिकारी आबारा पशु सड़क पर न आएं इसकी विशेष मॉनीटरिग करेंगें और कार्यवाही करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित सीईओ, सीएमओ कैटल कैचर वाहन क्रय कर एवं किराये पर लेकर शक्ति से कार्यवाही करें जिससे कि कोई भी पशु सड़कों पर विचरण न कर सके। विचरण करने से अनेक दुर्घटनाएं होती है एवं जनहानि होती है। कलेक्टर ने बताया कि सागर-भोपाल रोड जिसमें सागर से बागरौद चौराहा तक, राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के अंतर्गत महारापुर से मालथौन तक की फोरलेन सड़क, सागर से छतरपुर रोड, सागर से जबलपुर रोड शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उक्त सभी सड़कों पर टोल टैक्स कंपनी के प्रतिनिधियों से चर्चा करें एवं पशुओं को पकड़ने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चत कराएं। उन्होंने कहा कि सभी पशुओं को पकड़कर गौशाला में सिफ्ट किया जाए। गौशालाओं में शासन की ओर से प्रत्येक पशु प्रत्येक दिन के हिसाब से 40 रुपए की राशि प्रदान की जाती है जिससे कि उचित रखरखाव हो सकेगा। इसके साथ ही संबंधित पशु मालिक पर प्रत्येक पशु के हिसाब से जुर्माना भी लगाएं।



### जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को सुना

**सागर।** नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नवीन कार्यालय भवन में नगर निगम सीमा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के लिये प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण करने हेतु आवेदन संबंधित अधिकारियों को आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न वार्डो से आये दो आवेदकों के पेंशन प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया गया।



### न्याय सत्याग्रह में सम्मिलित हुआ सेवादल परिवार

**सागर।** अशोकनगर में कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन न्याय सत्याग्रह संपन्न हुआ। जिसमें सागर से बड़ी संख्या में सेवादल परिवार जन अशोकनगर पहुंचे और न्याय सत्याग्रह को सफल बनाने अपनी सहभागिता दी। जिला सेवादल ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की अगवानी की और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के साथ सड़क पर बैठकर निरंकुश शासन के खिलाफ धरना दिया। जिला सेवादल से शहर अध्यक्ष सिंटू कटारे, ग्रामीण अध्यक्ष महेश जाटव, आनंद हेला, अवधेश तोमर, शैलेन्द्र तोमर, जितेन्द्र सोनी, आयुष सेन, बाबू पंजवानी आदि न्याय सत्याग्रह में सम्मिलित हुये।




### कर्मचारी संघ ने स्थाई कर्मियों को नियमित करने व समस्त सुविधाएं प्रदान करने हेतु ज्ञापन सौंपा

**सागर।** नगर निगम कर्मचारी संघ ने निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि शासन आदेश के तहत नगर निगम में कार्यरत सभी स्थाई कर्मियों को नियमित कर शासन द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाए । ज्ञापन में कर्मचारी संघ ने लेख किया है कि समस्त स्थाई कर्मियों को 7 अक्टूबर 2016 के आदेश के परिपालन में विनियमितीकरण का लाभ दिया गया था तभी स्थाई कर्मियों को दिनांक 05/2016 एवं 29 सितंबर 2017 के आदेश में समस्त हितलाभ दिये जाने का लेख था परंतु नगर निगम प्रशासन द्वारा आज दिनांक तक स्थायीकर्मियों को किसी भी प्रकार के लाभ प्रदान नहीं किये गये हैं। हम सभी स्थाईकर्मियों को नियमित कर्मचारियों के समान वेतनवृद्धि, गृह भाडा अवकाश संबंधी लाभ दिये जाएं । शासन आदेश के पालन में स्थाई कर्मियों को चतुर्थ श्रेणी में नियमित किये जाने के आदेश हैं परंतु आज दिनांक तक नियमित नहीं किया गया है। इसके साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पालन में 16 मई 2007 में शासन आदेश पालन में दिनांक 31 मई.2011 को सफाई संरक्षकों को नियमितीकरण का लाभ प्रदान किया गया है। परंतु स्थाईकर्मियों को इस लाभ से आज दिनांक तक वंचित रखा गया है। अतः निवेदन है कि हम सभी कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति को देखते हुये हमें भी शासन आदेश के पालन में नियमितिकरण का लाभ प्रदान करने की कृपा करें। निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने सभी स्थाई कर्मियों को आश्वत किया कि इस संबंध में निगमायुक्त से चर्चा कर शासन आदेश का पालन करते हुए सभी स्थाई कर्मियों को नियमितीकरण का लाभ देने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर एम आईं सी सदस्य धर्मेंद्र खटीक, राजेंद्र सनकत, कंचन गर्ग, भोला करोसिया, रामरतन, नीलेश चौरसिया, श्रीराम चौरसिया सहित बड़ी संख्या में स्थाईकर्मी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आलपुर के आंगन से राष्ट्रीय मंच तक पहुंची कविता की आवाज़

**टीकमगढ़।** आलपुर जैसे छोटे से गांव से निकलकर राष्ट्रीय मंच तक पहुंचे युवा कवि रविन्द्र यादव को भोपाल के गांधी भवन में आयोजित निर्दलीय समाचार पत्र समूह के 52वें वार्षिकोत्सव समारोह में राष्ट्रीय महेन्द्र नाथ दुवे सृजनधर्मिता शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके समग्र साहित्यिक अवदान और सृजनशीलता के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश लेखक संघ टीकमगढ़ के अध्यक्ष राजीव नामदेव 'राना लिधौरी' ने बताया कि रविन्द्र यादव की साहित्य अकादमी भोपाल के युवा साहित्यकार पांडुलिपि अनुदान योजना अंतर्गत प्रकाशित कृति रास्ते और मंजिलें को पाठकों और समीक्षकों से काफी सराहना मिल रही है। उनकी लेखनी में जीवन का यथार्थ, संवेदना और संघर्ष स्पष्ट झलकता है। विशेषकर उनके मुक्तक आज की पीढ़ी के बीच लोकप्रिय हो रहे हैं। सम्मान के बाद रविन्द्र यादव ने अपनी सफलता का श्रेय मार्गदर्शकों को देते हुए कहा, मैं यह सम्मान टीकमगढ़ के साहित्यिक परिवेश को समर्पित करता हूं। रामगोपाल रैकवार और राना लिधौरी जैसे वरिष्ठों ने मुझे दिशा दिखाई, प्रेरणा दी। यह उपलब्धि सिर्फ मेरी नहीं, पूरे जिले की है। रविन्द्र यादव की इस उपलब्धि पर टीकमगढ़ के साहित्यकारों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। शुभकामनाएं देने वालों में पं. हरि विष्णु अवस्थी, रामगोपाल रैकवार, विजय मेहरा, वीरेन्द्र चंसौरिया, चांद मोहम्मद आखिर, कमलेश सेन, उमाशंकर मिश्र, अनवर खान, शकील खान, मीरा खरे आदि रहे शामिल।

### टीकमगढ़ पुलिस ने खोली खौफनाक वारदात की परतें

# चौतरिया पर रखा सिर, कुल्हाड़ी से की बेरहमी, तीन दिन में हत्यारा गिरफ्तार

### पुरानी रंजिश में गर्दन काटकर की गई थी नृशंस हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

गर्दन काटकर सिर को चौतरिया पर रख देने की सनसनीखेज वारदात ने जिले को दहला दिया। यह कोई सामान्य हत्या नहीं थी, यह हिंसा की पराकाष्ठा थी, एक नफरत भरे इरादे का क्रूर अंजाम — जिसे टीकमगढ़ पुलिस ने महज़ तीन दिन में बेनकाब कर दिया। पांच जुलाई की रात चंदेरा थाना क्षेत्र के ग्राम विजयपुर स्थित गौंड बाबा की चौतरिया पर जब एक युवक का सिर धड़ से अलग कर रखा मिला, तो हर किसी की रूह कांप गई। शव की पहचान 35 वर्षीय अखलेश कुशवाहा के रूप में हुई, जिसका तीन बार कुल्हाड़ी से प्रहार कर सिर काट दिया गया था।



#### हत्यारे की क्रूरताः सिर काटकर नुमाइश की मंशा

हत्या करने के बाद आरोपी ने सिर को चौतरिया पर सार्वजनिक रूप से रखकर पूरे गांव को भयभीत करने की कोशिश की। यह कृत्य किसी झगड़े की परिणति नहीं, बल्कि समाज को डराने की सोची-समझी हरकत थी। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेते हुए चार थानों की संयुक्त टीम गठित की।

#### निर्मम मामला था यह आरोपी का कबूलनामा

गिरफ्तार आरोपी संतोष अहिरवार, उम्र 39 वर्ष, निवासी विजयपुर ने कबूल किया कि उसने मृतक अखलेश के साथ बैठकर गांजा और बीड़ी पी। नशे की हालत में दोनों के बीच पुराने विवाद फिर ताज़ा हो गए गाय मारने का आरोप, पंचायत चुनाव में समर्थन न करने की खुन्नस और सींग तोड़ने जैसी बातें तूल पकड़ गईं। उसने बताया-मैंने पीछे से तीन वार किए, गर्दन कट गई, फिर सिर को उठाकर चौतरिया पर रख दिया। यह बयान खुद एक रोंगटे खड़े कर देने वाली स्वीकारोक्ति है।

#### एसपी मंडलोई का कड़ा संदेश

एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने इस केस को समाज पर हमला करार देते हुए कहा — यह कृत्य सभ्य समाज में कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह सिर्फ हत्या नहीं थी, बल्कि भय का प्रचार था। टीकमगढ़ पुलिस ऐसे अपराधियों को उनकी औकात दिखाएगी। एसपी ने इस खुलासे में लगी टीम को पुरस्कार देने की घोषणा की है।

#### जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने कहा.

हमें पता था कि आरोपी आसपास ही छिपा होगा, लेकिन इस बार शातिर अपराधी ने खुद को बिलकुल शांत दिखाने की कोशिश की थी। हमने हर सुराग को जोड़ा और अंततः उसे पकड़ ही लिया।

#### कानून की पकड़ से नहीं बचा खूनी

08 जुलाई को विजयपुर के सपरार नदी घाट के पास सिद्ध बाबा मंदिर से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से खून से सना हुआ कपड़ा और कुल्हाड़ी जब्त की गई। पूछताछ के दौरान उसने न केवल जुर्म कबूल किया, बल्कि वारदात की योजना भी उजागर की। पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस, मुखबिर तंत्र और संदिग्धों की सघन पूछताछ के माध्यम से पूरे मामले की परत-दर-परत सच्चाई उजागर कर दी।

### पक्का निर्माण और झोपड़ियों पर चली जेसीबी

## जतारा वन परिक्षेत्र में 20 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि अतिक्रमणमुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जतारा/आलपुर

वर्षा ऋतु की आड़ में वन भूमि पर अवैध कब्जा जमाने की साजिश को एक बार फिर जतारा वन परिक्षेत्र की टीम ने नाकाम कर दिया। आलपुर बीट के आरक्षित कक्ष क्रमांक 270 में करीब 20 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर वन विभाग ने सख्त संदेश दिया है कि हरियाली पर कब्जा नहीं चलेगा। जानकारी के अनुसार, कुछ अतिक्रमणकारियों द्वारा संगठित तरीके से पुराने कब्जे को बढ़ाने और नए अतिक्रमण की कोशिश की जा रही थी। इसके तहत जुताई, बखराई के साथ झोपड़ियां और पक्के निर्माण किए जा रहे थे। जैसे ही इसकी जानकारी वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार को मिली, वे तुरंत टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से समूचे अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया।

कार्यवाही के दौरान 20 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैली अवैध गतिविधियों को हटाया गया और भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न हो, इसके लिए सीपीटी ट्रेंच निर्माण और गहरी खाइयों के साथ कटीले प्रजातियों की बुवाई भी की गई। यह कार्यवाही वन संरक्षक छतरपुर, वनमंडल अधिकारी टीकमगढ़, एवं उपवनमंडल अधिकारी टीकमगढ़ के मार्गदर्शन में की गई।

#### वन विभाग की मुस्तैदी ने रोकी जंगल की लूट

जतारा परिक्षेत्र में यह कोई पहली कार्रवाई नहीं है। हर वर्ष वर्षा ऋतु में अतिक्रमणकारी नए-पुराने कब्जे को बढ़ाने का प्रयास करते हैं, परंतु वन विभाग की सख्ती के चलते उनकी कोशिशें विफल हो रही हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी शिशुपाल अहिरवार के नेतृत्व में टीम लगातार ऐसे प्रयासों को समय रहते विफल कर रही है।

### कॉलेज में 3 दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम हुआ

**विदिशा।** शासकीय कॉलेज में तीन दिवसीय दीक्षांरभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह राजपूत सहित सभी प्राध्यापकों ने विषय चयन, परीक्षा प्रणाली, नैतिक मूल्य, आत्मरक्षा, वित्तीय साक्षरता और रोजगार परक नवाचार जैसे विविध विषयों पर सरल और प्रभावी मार्गदर्शन दिया। मुख्य अतिथि अभिषेक कुमार सुमन ने संघर्ष और संचार कौशल से जीवन संवारने की प्रेरणा दी। जनभागीदारी अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. वर्षा रानी महतो के निर्देशन में हुआ और महाविद्यालय का समस्त स्टाफ सक्रिय रूप से उपस्थित रहा।

### ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण कर कलेक्टर ने ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश

## गांव की गलियों से अब नहीं बहेगा गंदा पानी, चंद्रपुरा बना स्वच्छता का चैंपियन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़/बल्देवगढ़

चंद्रपुरा गांव में स्वच्छता और जल प्रबंधन की दिशा में हो रहा नवाचार अब पूरे जिले के लिए प्रेरणा बनता जा रहा है। सोमवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने ग्राम पंचायत चंद्रपुरा में चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम का मौके पर जाकर निरीक्षण किया और इस अभिनव प्रयास की सराहना की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और अपने परिवेश को साफ-सुथरा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली न केवल गंदे पानी के निकास की समस्या को हल करेगी, बल्कि गांव को गंध और गंदगी से मुक्त भी बनाएगी।

#### 45 ग्राम पंचायतों में होगा क्रियान्वयन

ग्राम पंचायत द्वारा विकसित यह प्रणाली खासतौर पर किचन और वॉशरूम से निकलने वाले ग्रे वॉटर को नियंत्रित करने के लिए तैयार की गई है। प्रत्येक घर के सामने सिल्ट चैंबर बनाए गए हैं, जिन्हें आपस में 8 इंच की पाइपलाइन से जोड़ा गया है। इन चैंबर्स को ढका गया है, जिससे पूरा सिस्टम भूमिगत हो गया है। जल निकास की अंतिम सीमा पर लीच पिट बनाकर पानी के व्यवस्थित निष्पादन की व्यवस्था की गई है। यह नवाचार केवल चंद्रपुरा तक सीमित नहीं है। टीकमगढ़ जिले की 45 ग्राम पंचायतों में इसी तर्ज पर अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की नई परिभाषा लिखी जा सके।

#### चौपाल में जनसंवाद और समीक्षा

निरीक्षण के पश्चात गांव में चौपाल का आयोजन हुआ, जहां कलेक्टर ने समग्र ई-केवाईसी, आयुष्मान कार्ड, और फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने कार्य में गति लाने पर बल दिया।

#### अधिकारियों और ग्रामीणों की सहभागिता

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीत कुमार धुर्वे, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक मनीष जैन, जनपद पंचायत बल्देवगढ़ के सीईओ अक्षांश श्रीवास्तव, तहसीलदार सत्यप्रकाश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### 22 जुलाई को पंचायत उपचुनाव वाले क्षेत्रों में रहेगा अवकाश




**टीकमगढ़।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2025 की घोषणा के साथ ही टीकमगढ़ जिले में भी उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले के देरी-भानपुरा क्षेत्र में एक जनपद सदस्य पद के लिए, जबकि खजरार वार्ड क्रमांक 3, नारायणपुर वार्ड क्रमांक 14 और बाजीतपुरा वार्ड क्रमांक 14 में तीन पंच पदों के लिए उपचुनाव होना तय हुआ है। इन सभी क्षेत्रों में 22 जुलाई 2025 को मतदान आयोजित किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान दिवस को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित क्षेत्रों में अवकाश घोषित करने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार, मतदान वाले दिन सभी कारखानों के अधिभोगी व प्रबंधकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके कामगार मतदान कर सकें। इसके लिए उस दिन साप्ताहिक अवकाश की जगह मतदान दिवस को अवकाश घोषित किया जाएगा। इसी प्रकार, दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थानों में काम कर रहे श्रमिकों के लिए भी विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। यदि किसी दुकान या संस्था का साप्ताहिक अवकाश निर्धारित है, तो उसे मतदान दिवस पर स्थानांतरित कर उस दिन अवकाश रखा जाएगा। जिन संस्थानों में बंद का दिन तय नहीं है, वहां के प्रबंधकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि कामगारों को बारी-बारी से समय देकर मतदान का अवसर मिले। निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि प्रत्येक पात्र मतदाता निर्बाध रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके, और इसके लिए सभी संस्थानों को सहयोगात्मक भूमिका निभाने की अपेक्षा की गई है।

### आषाढ़ में ही आधा जलभराव पूरा, नदी किनारे अलर्ट

## लगातार बारिश से टीकमगढ़ के बांधों में बढ़ा दबाव, सात गेट खोले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में लगातार हो रही भारी बारिश ने धसान नदी का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। सोमवार की देर रात लगभग दो बजे, स्थिति गंभीर होती देख बान सुजारा बांध के सात गेट खोलने पड़े। प्रत्येक गेट को 0.50 मीटर तक खोला गया है, जिससे 420 घन मीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से पानी छोड़ा जा रहा है। इससे नदी के निचले हिस्सों में जलस्तर लगभग 5 से 6 फीट तक बढ़ चुका है, जिससे आसपास के इलाकों में पानी भराव और बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। बांध प्रबंधन ने पहले ही इस स्थिति को देखते हुए अलर्ट जारी कर दिया था। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे नदी किनारे और निचले क्षेत्रों में न जाएं और सावधानी बरतें। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभागों को चौकस कर दिया गया है।



बारिश के आंकड़ों पर नजर डालें तो भू-अभिलेख कार्यालय के अनुसार जिले में अब तक 501.3 मिमी,19.7 इंच,औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो कुल वार्षिक औसत 1000 मिमी का आधा हिस्सा है। आषाढ़ माह में ही इतनी अधिक वर्षा ने न केवल खेतों में पानी की भरमार कर दी है, बल्कि जल स्त्रोतों पर भी दबाव बढ़ा दिया है। तहसीलवार आंकड़े बताएं तो सबसे अधिक वर्षा टीकमगढ़ तहसील में 740 मिमी (29.6 इंच) और पलेरा में 703 मिमी (28.1 इंच) दर्ज की गई है। वहीं मोहनगढ़ में 593 मिमी, खरगापुर में 463 मिमी, बल्देवगढ़ में 391 मिमी, लिधौरा में 396 मिमी, जतारा में 380 मिमी और बड़गांव में 344 मिमी बारिश हो चुकी है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि जिले का बड़ा हिस्सा तेज़ बारिश की चपेट में है और धसान नदी सहित अन्य जलधाराएं उफान पर हैं। प्रशासन और आपदा प्रबंधन दल की नजर हर पल स्थिति पर बनी हुई है, लेकिन ज़रूरत इस बात की है कि आमजन भी सतर्क रहें और लापरवाही से बचें।



## लिधौरा पुलिस की तगड़ी कार्रवाई अवैध शराब के खिलाफ चला डंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में नशे के विरुद्ध अभियान के तहत लिधौरा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सोमवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देते हुए दो युवकों को पकड़ा, जो मोटरसाइकिल से भारी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन कर रहे थे। कार्रवाई में 63 लीटर देशी प्लेन शराब के साथ एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। जब्ती की कुल कीमत 61 हजार आंकी गई है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देश पर चल रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में लिधोरा थाना प्रभारी की अगुवाई में पुलिस टीम ने छिपरी-अंतपुरा मार्ग पर अंतपुरा मंदिर के समीप यह कार्रवाई की। पकड़े गए युवकों की पहचान ग्राम पहाड़ी बक्सी, थाना पृथ्वीपुर, जिला निवाड़ी के निवासी मंजू अहिरवार और प्रमोद अहिरवार के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान इनसे 63 लीटर देशी शराब और एक एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी शराब के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, जिस पर उनके विरुद्ध लिधोरा थाने में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। कार्रवाई में लिधोरा थाना स्टाफ की सजगता और तत्परता प्रमुख रही।

### ओवरफ्लो सिस्टम की खामी से बह रहा पानी, गहराई और बंधान के वैज्ञानिक निर्धारण की मांग

# वृंदावन तालाब में तकनीकी गड़बड़ी से जल संरक्षण प्रयासों को झटका

### प्राकृतिक जल स्त्रोत पर कृत्रिम लापरवाही का प्रहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर का प्रमुख जल स्त्रोत वृंदावन तालाब इस वर्ष भी पूरी क्षमता से नहीं भर पाएगा, और इसका कारण कोई प्राकृतिक संकट नहीं, बल्कि मानव निर्मित तकनीकी गड़बड़ी है। ओवरफ्लो गेट के पास बनी पानी रोकने की पट्टी के टूटने और गेट को समय पर बंद न करने से तालाब का पानी लगातार बह रहा है। तालाब अभी अपने मध्य स्तर पर है, लेकिन विशेषज्ञ मान रहे हैं कि यदि यह बहाव नहीं रुका, तो करीब दो फीट पानी और बह जाएगा, जिससे तालाब की भराव क्षमता आधे से भी कम रह जाएगी।

**आमजन का गुस्सा : तालाब में भरा नहीं, बहा दिया गया पानी**

**स्थानीय लोगों ने तालाब की वर्तमान स्थिति पर गंभीर नाराजगी व्यक्त की है**



#### प्रशासन की पहल अधूरी, तालाब अधूरा

पठा नहर से पानी लाने और बड़े तालाब को भरने की योजना कलेक्टर विवेक श्रोतिय के प्रयासों से शुरू हुई थी। योजना के अनुसार, बड़ा तालाब भरने के बाद बंडा नहर के जरिए वृंदावन तालाब में जल आपूर्ति होनी थी। लेकिन जब ओवरफ्लो गेट खुला हो और पानी रोकने की व्यवस्था विफल हो, तो वह पानी किस काम आएगा? ऐसे में जल संचयन का उद्देश्य ही निरर्थक हो जाता है। इस लापरवाही के चलते अब यह मांग जोर पकड़ने लगी है कि तालाब की गहराई, भराव क्षमता और बंधान की ऊंचाई का माप कर उसे तकनीकी रूप से पुनः डिज़ाइन किया जाए। लोगों का कहना है कि महेन्द्र सागर की पठा नहर की तर्ज पर इस तालाब के भराव बिंदु तक बेस्ट वियर दीवार बनाई जानी चाहिए।

#### नागरिक का कहना है

तालाब का रकवा 56 एकड़ था, आज उसकी आधी जमीन पर कॉलोनियाँ बसा दी गई हैं। बाकी बचे क्षेत्र में इंजीनियरों ने जल निकासी के लिए नीचे एक नाली बना दी है, जिससे तालाब भरने से पहले ही खाली हो जाता है। तालाब का अतिक्रमण हटाकर पहले जैसा पानी निकासी सिस्टम फिर से लागू करना चाहिए। वरना यह तालाब नहीं, एक बहता हुआ गड्ढा बनकर रह जाएगा। लोगों की मांग है कि जल संसाधन विभाग द्वारा पूरी भू-सर्वे रिपोर्ट के साथ नया तकनीकी नक्शा बनाया जाए, जिसमें तालाब की गहराई, चौड़ाई और भराव सीमा वैज्ञानिक तरीके से तय हो।

#### प्रशासन की लाचारी

यह समस्या केवल एक तालाब की नहीं, बल्कि प्रशासनिक निगरानी की विफलता और विकास की अनदेखी कीमत का उदाहरण है। तालाब का ओवरफ्लो सिस्टम समय रहते दुरुस्त नहीं किया गया, जबकि यह टीकमगढ़ के लोगों की जीवनरेखा है। यह तालाब केवल पानी का स्रोत नहीं, बल्कि टीकमगढ़ की जल-संस्कृति, खेती और भविष्य की जरूरतों का आधार है।

### वीरपुर क्षेत्र में सामने आया फर्जीवाड़ा, कलेक्टर तक पहुंची शिकायत

# महिला स्व सहायता समूह के नाम पर लाखों का लोन फर्जीवाड़ा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के वीरपुर थाना क्षेत्र में एनआरएलएम से जुड़े महिला स्व सहायता समूह के नाम पर लाखों का लोन घोटाला सामने आया है। यहां अलग अलग स्व सहायता समूहों में शामिल महिलाओं के नाम पर 6-6 लाख रुपए का लोन बैंक से लिया गया है। लेकिन जिस महिला समूह के नाम से यह लोन लिया गया है, उन समूहों की पदाधिकारी व सदस्यों को इसका पता नहीं है। इस लोन फर्जीवाड़े की शिकायत न सिर्फ पुलिस के पास पहुंच गई है, बल्कि कलेक्टर अर्पित वर्मा के संज्ञान में भी यह मामला पहुंच गया है। बताया जा रहा है कि कलेक्टर अर्पित वर्मा के द्वारा इस मामले की जांच करवाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

साधू बाबा स्व सहायता समूह ग्राम गोहर में सदस्य के रूप में शामिल महिला प्रदीपिका पत्नी धर्मेन्द्र कुमार जाटव निवासी चकचांद खां ग्राम पंचायत गोहर सहित अन्य कई लोगों के द्वारा इस मामले की शिकायत मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण की अगुवाई में कलेक्टर अर्पित वर्मा से की गई। शिकायत में ग्रामीणों के द्वारा आरोप लगाया कि साधू बाबा स्व सहायता समूह में प्रदीपिका सदस्य है। जबकि पिंकी अध्यक्ष और कविता सचिव है। इस समूह की पदाधिकारी सहित अन्य किसी भी महिला सदस्य को इस बात का पता नहीं है कि उनके समूह के नाम पर लोन लिया गया है। जबकि समूह की महिलाओं के नाम पर 6-6 लाख रूपए का यह लोन वीरपुर स्थित बैंक से लिया गया है। जिसका पता चलने पर समूह से जुडी महिलाए हैरान और परेशान बनी हुई है कि आखिर उनके नाम पर यह लोन फर्जीवाड़ा किसके द्वारा किया गया है।



**दर्जनभर समूहों में हुआ इस तरह का फर्जीवाड़ा**

फिलहाल इस तरह के फर्जीवाडे की शिकायत साधू बाबा स्व सहायता समूह में शामिल महिला सहित अन्य ग्रामीणों के द्वारा की गई है। लेकिन यह फर्जीवाडा साधू बाबा स्व सहायता समूह में ही नहीं हुआ,बल्कि दर्जनभर के करीब समूहो में किया गया है। फर्जीवाड़ा स्व सहायता समूहो के नाम पर किया गया है,जिसमें शामिल ज्यादातर महिलाएं कम पढ़ी लिखी आदिवासी वर्ग की महिलाएं शामिल हैं।

**मामला उजागर हुआ तो जमा भी हो गई लोन की राशि**

बताया जा रहा है कि लाखों का यह लोन फर्जीवाड़ा जैसे ही ग्रामीणों की पकड़ में आया और इस मामले की शिकायत वीरपुर थाना पुलिस के पास पहुंची, वैसे ही कुछ सदस्यों की लोन राशि अपने आप बैंक में जमा हो गई है। जिससे यूनियन बैंक वीरपुर की भूमिका भी इस मामले में संदिग्ध नजर आ रही है। शिकायत करने वाले ग्रामीणों का आरोप है कि इस फर्जीवाडे में बैंक के अधिकारियों की भी मिलीभगत है। क्योंकि बिना बैंक के अधिकारियों की मिलीभगत के इस तरह का फर्जीवाडा होना ही संभव नहीं है।

**इनका कहना है..**

मेरी पत्नी साधू बाबा समूह की सदस्य है। इस समूह के नाम पर फर्जी तरीके से लोन लिया गया है। जिसकी जानकारी समूह की पदाधिकारियों तक को भी नहीं है। इस तरह का फर्जीवाड़ा वीरपुर क्षेत्र के दर्जनभर से अधिक समूहों में किया गया है। प्रशासन इस मामले की जांच कराकर दोषियों का पता लगाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

धर्मेन्द्र कुमार
निवासी चकचांद खां

इस तरह की शिकायत आई है। मामले की जांच करवाते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अर्पित वर्मा
कलेक्टर, श्योपुर

### वीरपुर थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

## भैस चराने गए किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच नाले में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भैस चराने के लिए घर से निकले एक 16 साल के बालक की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच नाले में डूबने से मौत हो गई। यह मामला बीती शाम को वीरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुरा गांव का है। घटनास्थल पर बिजली का तार भी टूटा हुआ पडा था,इसलिए मृतक किशोर को करंट लगने के बाद नाले में गिरने का अंदेशा भी जताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वीरपुर थाना प्रभारी राजन सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम मोहनपुरा निवासी सचिन 16 वर्ष पुत्र मोहर सिंह जाटव सोमवार को अपनी भैसों को चराने के लिए लेकर गया था। लेकिन जब वह शाम तक भी घर नहीं लौटा तब परिजन उसकी तलाश करते हुए रामचरण जाटव के पांचो वाले खेत के पास स्थित नाले पर पहुंचे, जहां उन्हें सचिन जाटव मृत अवस्था में नाले में डूबा हुआ पड़ा मिला। घटना स्थल के नजदीक ही बिजली का तार भी टूटा हुआ मिला है। जिससे ऐसी भी आशंका लग रही है कि करंट लगने की वजह से तो सचिन नाले में गिर गया हो। फिलहाल पीएम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।



**इधर आम खरीदे, पैसे मांगे तो कर डाली मारपीट**

वीरपुर थाना क्षेत्र के गांव घूघस में आम बेचने के लिए पहुंचे दुकानदार की नामजद आरोपी ने खरीदे गए आम के पैसे मांगने पर मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि ग्राम श्यारदा निवासी रामअवतार राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गांवों में जाकर आम बेचने का काम करता है। जब वह सोमवार को घूघस गांव में पहुंचा तो उससे किशोर पुत्र लटूर केवट ने आम खरीद लिए,लेकिन जब आमों के पैसे मांगे तो गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने रामअवतार की रिपोर्ट पर किशोर केवट के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।

## ताजियों पर अच्छी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पर अफसरों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

5 जुलाई को संपन्न हुए मोहर्रम के मातमी पर्व ताज़िए के बाद मुस्लिम समाज अब उन अधिकारियों का सम्मान उनके दफ्तर में पहुंचकर कर रहा है, जिनके प्रयासों से यह त्यौहार शांतिपूर्वक सद्भावना पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मुस्लिम समाज ने जहां ताजिए के दिन अधिकारियों का सम्मान त्योहार के समय मौके पर ही किया था वही दूसरे दिन दफ्तर में पहुंचकर भी आभार व्यक्त किया इस क्रम में हज कमेटी के जिला अध्यक्ष सैयद सलीम जावेद के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोगों ने पहले कलेक्टर अर्पित वर्मा का फिर एसपी वीरेंद्र जैन का माला पहनकर स्वागत करते हुए उनका आभार जताया। इस दौरान अभिभाषक समीर पठान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अकरम खान, उपाध्यक्ष जाकिर कुरैशी, मदरसा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जाहिद अंसारी समाज सेवी विक्की पठान, शाकिर खान आदि मौजूद रहे।




**हकीम खान विजयपुर मुस्लिम समाज के सदर निर्वाचित**

समाज सेवी हकीम खान (बंटी) विजयपुर मुस्लिम समाज के नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उनका निर्वाचन मंगलवार को पंचायती चबूतरा (इमामबाड़ा) पर आयोजित हुई बैठक में सर्व सम्मति से किया गया।ताजिया के बाद आयोजित होने वाली तिया की बैठक मुस्लिम समाज के पंचायती चबूतरा पर आयोजित हुई। बैठक में साल भर के कामों की समीक्षा करने के साथ आगामी कार्य योजना पर विचार विमर्श हुआ साथ ही नए अध्यक्ष के लिए निर्वाचन प्रक्रिया कराए जाने पर विचार किया गया इस निर्वाचन प्रक्रिया में समाजसेवी हकीम खान बंटी का नाम निर्विरोध रूप से सामने आय। इसलिए उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित कर दिया गया।

## आदिवासी महिला के लिए सीबीएमओ ने खुद ब्लड बैंक पहुंचकर किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रक्तदान के प्रति अधिकारी लोगों को प्रेरित करने का काम सिर्फ भाषणों के माध्यम से ही नहीं कर रहे बल्कि खुद भी वह इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाते आ रहे हैं। इसकी बानगी मंगलवार को तब देखने को मिली जब विजयपुर क्षेत्र से आई एक आदिवासी एनीमिक महिला की जान बचाने के लिए सीबीएमओ डॉ एसएन बिंदल ने खुद रक्तदान कर अनुकरणीय पहल की।

ग्राम शिवलालपुरा (गोपालपुर) की सहरिया जनजाति की महिला माया पत्नी देशराज आदिवासी को खून की कमी के चलते उसे विजयपुर से जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में आने पर महिला का ब्लड ग्रुप की अनुपलब्धता होने से विषम स्थिति निर्मित हो गई। महिला इतनी अधिक एनीमिक थी कि तत्काल रक्त न चढ़ाया जाता तो उसकी जान जा सकती थी। जब यह बात विजयपुर के सीबीएमओ डॉ एस एन बिंदल को मालूम हुई तो उन्होंने खुद चिकित्सालय पहुंचकर महिला के लिए रक्तदान किया। गनीमत यह रही कि सीबीएमओ डॉ बिंदल आज ही जिला स्तरीय कार्यक्रम में भागीदारी के लिए श्योपुर पहुंचे थे और महिला के साथ कोई अटेंडर ऐसा नहीं था जो रक्तदान कर सके।



## श्रमिक महासंघ ने प्रदर्शन कर सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मध्य प्रदेश कार्यभारित कर्मचारी एवं दैनिक वेतन भोगी श्रमिक महासंघ ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

11 सूत्रीय मांगों को लेकर सौपे गए ज्ञापन में वन विभाग में कार्यरत सुरक्षा श्रमिक एवं विकास निगम में कार्यरत मस्टर कर्मी, कच्चे कर्मचारियों को स्थाई कर्मी घोषित किए जाने, स्थाई कर्मियों को नियमित कर्मचारियों का दर्जा देते हुए उन्हें सातवें वेतनमान का लाभ दिए जाने, सभी विभाग विभागो में कार्यरत स्थाई कर्मियों को अर्जित अवकाश का लाभ दिए जाने। केंद्र के समान ग्रेच्युटी का लाभ रुपए 25 लाख दिए जाने, दैनिक वेतन भोगी अस्थाई कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की तरह अनुकंपा नियुक्ति का लाभ दिए जाने आदि मांगे प्राथमिकता से अंकित की गई हैं।

## कॉलेज परिसर में धरना देकर अपने लिए न्याय की मांग करेगा छात्र

**श्योपुर।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर में अध्ययनरत छात्र कमल बैरवा ने टीसी जारी करने के नाम पर पैसे मांगने और फिर मारपीट करने का आरोप कॉलेज स्टाफ पर लगाते हुए कहा कि इस मामले में उल्टा उसे ही फंसाने के लिए कॉलेज प्रबंधन षडयंत्र रच रहा है और उस पर शासकीय कार्य में व्यवधान डालने जैसी गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित छात्र कमल बैरवा ने मंगलवार को एक बार फिर कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा है और उसे न्याय नहीं मिलने तक कॉलेज परिसर में 9 जुलाई से धरने पर बैठने का अल्टीमेटम दे दिया है। आवेदन में छात्र ने उल्लेख किया है कि यदि उसने किसी तरह का कोई गलत कार्य किया है, तो इसका पता कॉलेज के सीसीटीवी कैमरो को चैक करके लगाया जा सकता है। मगर कॉलेज प्रबंधन अपने सीसीटीवी कैमरो को खराब बताकर उल्टा उसे ही फंसाने का काम कर रहा है। उधर छात्र संगठनों ने भी छात्र का समर्थन करते हुए उसके साथ धरने पर बैठने की सहमति दे दी है।



### अज्ञात बाइक ने मारी टक्कर, पिता पुत्र जख्मी

**श्योपुर।** शहर के पाली रोड सलापुरा क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर को बाइक पर सवार होकर श्योपुर आ रहे पिता पुत्र की बाइक को अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गिर्राज बंजारा निवासी मल्होत्रा और उसका बेटा भगत बंजारा जख्मी हो गए। जब बाइक से नीचे गिरे दोनों पिता पुत्र संभलकर उठते, उसके ही टक्कर मारने वाला बाइक चालक बाइक सहित भाग निकला। गिर्राज को तो मामले खरोचे आई है,लेकिन उसके बेटे भगत के चोट अधिक आई है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर लिया है।

### भाजपा नेता महावीर मीणा के नेतृत्व में बिजली कंपनी जीएम को सौंपा ज्ञापन

## बिजली समस्या से परेशान ग्रामीण जीएम से मिले बोले गोपालपुरा से जोड़ी जाए अडवाड लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

फाल्ट के कारण बार बार बिजली गुल होने की समस्या से परेशान बने प्रेमसर क्षेत्र के दर्जनभर से अधिक गांवों के ग्रामीणों ने मंगलवार को बिजली कंपनी के महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचकर महाप्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा और अडवाड बिजली लाइन को गोपालपुरा बिजली सब स्टेशन से जोड़ने की मांग की।



भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर सिंह मीणा की अगुवाई में ग्राम पंचायत पानडी सरपंच रामपरीक्षा मीणा,ग्रापं जलालपुरा के सरपंच प्रेमशंकर, वार्ड क्रमांक 13 के जनपद सदस्य सहित अन्य ग्रामीणों ने बिजली कंपनी के महाप्रबंधक को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि अडवाड फीडर से निकली बिजली लाइन से 10-15 से अधिक गांवों को बिजली की आपूर्ति होती है। लेकिन वर्तमान में इस बिजली लाइन में बार बार फाल्ट आने के कारण बिजली गुल होने की समस्या बनी हुई है। जिसकारण अडवाड, जलालपुरा, डाबरसा, झोपडिया, गांवडी, खेडली, पानडी, सूंडी, जारेला, गांधी नगर, प्रेमसर, ननावद, आमल्दा, पटपडा, चकआसन सहित 10-15 गांवों के सारे ग्रामीण परेशान बने हुए है। क्योंकि बिजली समस्या के कारण न सिर्फ पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है,बल्कि खेती किसानी का काम भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस समस्या से निजात दिलाए जाने के लिए अडवाड फीडर की बिजली लाइन को गोपालपुरा में बने बिजली सब स्टेशन से जोडा जाए। क्योंकि गोपालपुरा सब स्टेशन तक जाने वाली बिजली लाइन लगकर कंपलीट हो चुकी है, सिर्फ लाइन को जोडने का काम शेष बचा है,इसलिए इस काम को भी जल्द पूरा किया जाए।

### जनसुनवाई में बुजुर्ग को मिली वृद्धावस्था पेंशन, तीन हितग्राहियों को मिलेगा संबल का लाभ

# आयुष्मान से होगा इलाज, मार्ग व्यय के लिए 3 हितग्राहियों को दी आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जहां हितग्राहीमूलक योजनाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया। वहीं तीन हितग्राहियों को रेडक्रॉस के माध्यम से उपचार हेतु बाहर जाने के लिए मार्गव्यय के रूप में आर्थिक सहायता राशि प्रदान की, तीनों हितग्राहियों का उपचार आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत निशुल्क कराया जायेगा। जनसुनवाई के दौरान कुल 211 आवेदन प्राप्त हुए। मंगलवार को जनसुनवाई में एसडीएम श्योपुर बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने ग्राम गांधीनगर प्रेमसर से पेयजल समस्या लेकर आई महिलाओं को आश्वस्त किया कि कल तक नलजल योजना की खराब पड़ी को मोटर को बदल दिया जायेगा। उन्होने जनसुनवाई में मौजूद पीएचई अधिकारियों को निर्देशित किया कि बुधवार तक नई मोटर डालकर पेयजल व्यवस्था को सुचारू किया जाए। कलेक्टर ने महावीर बैरवा पुत्र बाबूलाल बैरवा निवासी नागदा, शिशुपाल बैरवा निवासी फक्कड चौराहा वार्ड 11 तथा रामपाल सिंह निवासी वार्ड क्रमांक 3 श्योपुर को रेडक्रॉस के माध्यम से उपचार के लिए हायर स्वास्थ्य संस्थानों में जाने हेतु मार्गव्यय के रूप में दो-दो हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। तीनो हितग्राहियों का उपचार शासन की आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत निशुल्क कराया जायेगा। जबकि हरी सिंह गुर्जर निवासी पहेला की वृद्धावस्था पेंशन जनसुनवाई के दौरान ही स्वीकृत कराई गई। 65 वर्षीय बुजुर्ग हरी सिंह गुर्जर को अब अगले माह से 600 रूपये की पेंशन प्रतिमाह प्राप्त होगी। सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन स्वीकृत करने की कार्यवाही की गई है।



**तीन बच्चों को मिलेगा स्पोन्सरशिप योजना का लाभ**

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई के दौरान ग्राम भसुन्दर का टपरा निवासी आशा बैरवा के आवेदन पर महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि तीनों बच्चों को स्पोन्सरशिप योजना में शामिल कर लाभ प्रदान किया जायें। महिला ने बताया कि उसके पति स्व. मुकेश बैरवा की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई है, जिससे बच्चों के लालन-पालन में परेशानी आ रही है।

**तीन हितग्राहियों को मिलेगा संबल का लाभ**

मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए हितग्राहियों को अवगत कराया कि योजना के तहत राशि स्वीकृत होकर ईपीओ जारी हो गया है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से दो-दो लाख रूपये की राशि प्राप्त होगी। ग्राम बर्धा बुजुर्ग निवासी श्रीराम आदिवासी द्वारा अपनी पत्नि स्व. सौमेशी आदिवासी तथा संतोष बाई निवासी ढोढर द्वारा अपने पति स्व. सत्यनारायण मित्तल तथा पवन प्रजापति निवासी ग्राम रायपुरा द्वारा अपने पिता स्व. ओमप्रकाश प्रजापति की मृत्यु होने पर संबल योजना के तहत अनुग्रह राशि प्रदान किये जाने की मांग की गई थी। इसके अलावा मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत कु. शिवानी जाट निवासी जाटखेडा द्वारा अपनी माँ स्व. सुशीला बाई की मृत्यु पर तथा रोहित बैरवा निवासी डाबरसा द्वारा अपने पिता पप्पूलाल बैरवा की मृत्यु पर अनुग्रह सहायता राशि से संबंधित आवेदनों को तत्काल ही ऑनलाइन कराने की कार्यवाही की गई, जिससे योजना के तहत दोनो हितग्राहियों को शीघ्र ही दो-दो लाख रूपये अनुग्रह राशि प्राप्त होगी।

### राज्य शिक्षक संघ ने तहसीलदार को दिया सीएम के नाम ज्ञापन

## ई अटेंडेंस के खिलाफ सड़क पर उतरे शिक्षक, रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ई अटेंडेंस के खिलाफ राज्य शिक्षक संघ के बैनर तले सड़क पर उतरे शिक्षकों ने मंगलवार को रैली निकाली और फिर कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन श्योपुर तहसीलदार मनीषा मिश्रा को सौंपा। राज्य शिक्षक संघ के श्योपुर जिलाध्यक्ष रामचरित रावत की अगुवाई में सौंपे गए ज्ञापन में शिक्षकों ने उल्लेख किया है कि सिर्फ शिक्षकों के लिए ई अटेंडेंस लागू करने से गुरू पद की गरिमा के ठेस पहुंच रही है। साथही ऐसा संदेश भी जा रहा है कि शिक्षक ही अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरत रहा है। जिसकारण उनकी ई अटेंडेस ली जा रही है। ज्ञापन में शिक्षकों ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि यदि ई अटेंडेस की लागू करनी है कि तो फिर एक साथ सभी सरकारी विभागो के कर्मचारियों के लिए लागू की जाए। ज्ञापन सौपने से पहले सभी शिक्षक श्री हजारेश्वर पार्क में एकत्रित हुए। जो फिर रैली के माध्यम से ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान बडी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।




**विजयपुर में महिला समूहों से नए अनुबंध के नाम पर लूट का आरोप**

**श्योपुर।** सरकारी स्कूलों में पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत भोजन पकाकर खिलाने वाले महिला स्व सहायता समूहों से नए अनुबंध करने के नाम पर विजयपुर में लूट किए जाने का आरोप लगाते हुए महिला समूहों ने प्रांतिय समूह संघ के बैनर तले एकत्रित होकर जिला मुख्यालय पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रांतीय समूह संघ की जिला अध्यक्ष सुनीता नायक के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन उल्लेख है कि सरकारी स्कूलों में अनुबंध री स्टॉल करने के नाम पर जनपद पंचायत विजयपुर एवं बीआरसी कार्यालय विजयपुर द्वारा 15 हजार रुपए प्रति समूह से वसूला जा रहा है। गरीब अशिक्षित अथवा अनपढ़ महिलाओं से इस तरह शिक्षा विभाग के बीआरसी कार्यालय और जनपद पंचायत के बाबुओं द्वारा की जाने वाली लूट बेहद शर्मनाक है। इसे तत्काल रोका जाए ज्ञापन में उल्लेख है कि अधिकारियों द्वारा गरीब महिलाओं की लूट बंद नहीं की गई तो महिलाएं सड़क पर उतरकर बेईमान अधिकारियों कर्मचारियों के लामबंद होकर आंदोलन करेंगी।

## खबर संक्षेप



### आरोपी समेत चोरी टीवी पंखा व 10 कुर्सी बरामद

**शिवपुरी।** पिछोर में शासकीय माध्यमिक विद्यालय जराय से हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सारा माल बरामद कर लिया है। शिक्षक रामप्रकाश शर्मा ने 5 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 3 और 4 जुलाई की रात स्कूल से टीवी पैनलए पंखा और कुर्सियां चोरी हो गई थीं। पिछोर थाने में इस मामले को दर्ज किया गया। थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह मावई को मुखबिर से जानकारी मिली। जराय मोड़ रोड पर दो संदिग्ध व्यक्ति खड़े थे। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पकड़े गए आरोपी हनुमंत लोधी उम्र 32 वर्ष और जयराम लोधी उम्र 30 वर्ष जराय गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है। शिवपुरी के पुलिस अधीक्षक ने इस सफल कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

### वाचरौन में 130 क्विंटल अवैध चावल किया जब्त



**शिवपुरी।** कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार जिले में राशन माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज ग्राम वाचरौनए तहसील पिछोर में कार्रवाई की गई। एसडीएम शिवदयाल धाकड़ए जिला आपूर्ति अधिकारी तुलेश्वर कुर्रेए तहसीलदारए सहायक आपूर्ति अधिकारी एवं मण्डी निरीक्षक की टीम द्वारा की गई जांच में गिरजेश लोधी नामक व्यापारी के लक्ष्मण लोधी के मकान में 130 क्विंटल चावल का अवैध भंडारण पाया गया। मौके पर व्यापारी द्वारा कोई वैध बिल या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गएए जिसके कारण समस्त चावल जप्त कर लिया गया। इस संबंध में थाना पिछोर में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3७7 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ की गई है। प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरतने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी और आम जनता के हितों की सुरक्षा के लिए लगातार सतर्कता बरती जा रही है।

### महाकाल दूध डेयरी से 12 गैस सिलेंडर किए बरामद

**शिवपुरी।** कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आपूर्ति अधिकारी तुलेश्वर कुर्रे द्वारा महाकाल दूध डेयरीए सिद्धेश्वर कॉलोनीए शिवपुरी में आकस्मिक निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान डेयरी में 12 घरेलू गैस सिलेंडर अवैध रूप से संग्रहित पाए गएए जिनमें 11 सिलेंडर खाली एवं 1 सिलेंडर भरा हुआ था। कोई वैध बिल या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए।

## निर्धन परिवारों का होगा आर्थिक सत्यापन, बच्चों की पढ़ाई में बाधा नहीं

# न्यूनतम शुल्क पर निकट के स्कूल में मिलेगा एडमिशन : कलेक्टर त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में विशेष नामांकन अभियान के अन्तर्गत की गयी बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने विगत सत्र 2024-25 में कक्षा 8 उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों का कक्षा 9 में प्रवेश सुनिश्चित कराने, विगत 3 वर्ष में किसी भी कक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद पढ़ाई छोडने वाली 12 से 18 वर्ष की बालिकाओं का संगत कक्षा में प्रवेश सुनिश्चित कराने तथा कक्षा 1, 6 व 9 में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत शत-प्रतिशत लाभ दिलाये जाने, अनुसूचित जन जाति की बालिकाओं को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाये जाने के हेतु निर्देश दिए।

डीआईओएस द्वारा वर्तमान सत्र में कक्षा-9 में प्रवेश लेने वाले एवं विगत वर्ष में कक्षा 8 में पढने वाले बच्चों का विकास खण्ड वार डाटा जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा समस्त नोडल अधिकारियों ने अपने-अपने विकासखण्ड के 2-2 ग्रामों के कक्षा-8 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं तथा विगत वर्षो में किसी भी कक्षा को उत्तीर्ण करने के उपरान्त पढ़ाई छोडने वाली बालिकाओं के अब तक प्रवेश नहीं लेने सम्बन्धी आख्या प्रारूप पर प्रस्तुत की गयी। डीएम ने सभी बीईओ व सीडीपीओ से ब्लाक वार 2-2 ग्रामों की प्रस्तुत प्रवेश लेने वाले एवं प्रवेश नहीं लेने वाले छात्र-छात्राओं के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। ब्लाक स्तरीय अधिकारियों ने जिलाधिकारी को समीक्षा के दौरान संज्ञानित कराया गया कि अधिकतर छात्र-छात्राओं के परिजनों ने आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण प्रवेश नहीं लेने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि उक्त स्थिति संगत प्रतीत नहीं होती है ऐसे परिवारों का आर्थिक सत्यापन सम्बन्धित विकासखण्ड के खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से कराकर शासन द्वारा संचालित योजना का लाभ दिलाया जाये एवं उनकी आर्थिक कठिनाईयों का यथोचित समाधान कराया जाये। यदि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के दृष्टिगत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवेश नहीं लिया जा रहा है तो डीआईओएस निकटतम विद्यालय के प्रधानाचार्य से वार्ता कर न्यूनतम शुल्क पर ऐसे छात्र-छात्राओं का प्रवेश कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने यह भी निर्देशित किया गया कि जिन बच्चों के आधार कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र नहीं बने हैं अथवा उपरोक्त प्रमाण-पत्रों में संशोधन होना अपेक्षित हो कि ग्रामवार, विद्यालयवार सूची बनाकर खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा तहसील के उप जिलाधिकारी को उपलब्ध करायी जाये तथा समन्वय करके उनके उपरोक्त प्रमाण-पत्र वरीयता पर बनवाये जायेगे। खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने अवगत कराया कि कुछ बच्चों के मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण उनके माता-पिता उन्हें प्रवेश दिलाने के लिए तैयार नहीं है जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ऐसे बच्चों की ग्रामवार सूची तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाये जिससे उनके स्वास्थ्य परीक्षण के सम्बन्ध में सीएमओ से वार्ता कर छात्र-छात्राओं के चिकित्सीय परीक्षण के सम्बन्ध में कार्ययोजना बनाकर अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकें।

## सिस्को से सहयोग पर संचार मंत्री सिंधिया से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एमण सिंधिया ने सिस्को के सीईओ श्री चक रॉबिंस और उनकी टीम से मुलाकात की और उन्हें भारत के तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल प्रौद्योगिकी परिदृश्य और बढ़ते बाजार में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक के दौरानए उन्होंने देश की विशाल क्षमता और जीवंत प्रतिभा पूल का लाभ उठाने के महत्व पर प्रकाश डाला।

आम आदमी के उत्थान के लिए समाधान बनाने के महत्व को रेखांकित करते हुएए उन्होंने 6जी क्रांति को आगे बढ़ाने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ;एआईद्ध में भारत की बढ़ती गति पर जोर दिया। मंत्री ने सिस्को को भारत के डिजिटल प्रौद्योगिकी क्षेत्र में व्यापक निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए आमंत्रित कियाए जिसमें नवाचार और निवेश के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में देश के उभरने पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने भौतिक बुनियादी ढांचे से परे पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के महत्व पर भी जोर दिया जो समुदायों को सशक्त बनाता है और भावी पीढ़ियों को तैयार करता है। चर्चा भारत में सिस्को की बढ़ती उपस्थिति पर आधारित है,जिसमें 2024 में चेन्नई में पहली विनिर्माण सुविधा का उद्घाटन भी शामिल हैए जिसका उद्घाटन मंत्री द्वारा किया जाएगा। मंत्री ने सिस्को को अपने जुड़ाव का और विस्तार करने और समावेशीए लचीले और भविष्य के लिए तैयार डिजिटल विकास को बढ़ावा देने वाले समाधानों का सह.निर्माण करने के लिए स्वागत किया।

## स्कूल में शिक्षक व विद्यार्थी फंसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

थाना भानगढ़ अंतर्गत ग्राम लहरावदा में शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में तेज बारिश के बाद करीब ढाई से 3 फीट पानी भर गया। जल भराव की स्थिति निर्मित होने के बाद थाना भानगढ़ पुलिस एवं स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से ट्रैक्टर की मदद से स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं को विद्यालय से सुरक्षित बाहर निकलवाया गया।

भानगढ़ थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम लहरावदा में दोपहर के समय तेज बारिश होने के कारण स्कूल प्रांगण में आसपास के खेतों का पानी भर गया। जिससे प्रांगण में करीब तीन फीट तक पानी भर जाने से छोटे-छोटे बच्चे स्कूल के अंदर ही फस गए। सूचना मिलने पर कंजिया चौकी प्रभारी जगमोहन ठाकुर, आरक्षक प्रवीण भदोरिया एवं योगेश शर्मा सहित ग्रामीण स्कूल पहुंचे। प्रांगण में अधिक पानी होने के कारण ट्रैक्टर ट्राली को बुलाया गया और छोटे-छोटे बच्चों को ट्रैक्टर ट्राली में भरकर उन्हें स्कूल प्रांगण से सुरक्षित बाहर निकाल कर घर भेजा गया। उन्होंने बताया कि स्कूल में करीब 200 बच्चे थे। जिनमें से बड़े बच्चे तो जैसे तैसे निकल कर घर चले गए थे। लेकिन छोटे बच्चों को निकालने में परेशानी हो रही थी। जिन्हें ट्रैक्टर ट्राली से 5 राउंड में स्कूल प्रांगण से बाहर निकाला गया।

## करंट से मौत बताकर छोड़ गए कुछ युवक, परिजन बोले- हत्या हुई है...

# मेडिकल कॉलेज में युवक की हुई संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



मेडिकल कॉलेज परिसर में सोमवार.मंगलवार की दरमियानी रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रात करीब 3 बजे कुछ लोग उसे लोडिंग वाहन में डालकर कॉलेज परिसर में छोड़कर भाग गए। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 35 वर्षीय अनिल जाटवए निवासी इंदिरा कॉलोनी कोलारस के रूप में हुई है। परिजनों ने मंगलवार सुबह एसपी ऑफिस पहुंचकर हत्या की आशंका जताते हुए शिकायत दर्ज कराई है।

अनिल के भाई राजकुमार जाटव ने बताया कि सोमवार सुबह अनिल कोर्ट की तारीख का कहकर घर से निकला था। उसने पत्नी से कुछ पैसे भी लिए थे। देर रात कोलारस के विनोद जाटव का फोन आया कि अनिल को करंट लग गया है, वह मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। मंगलवार सुबह 5 बजे जब परिजन कॉलेज पहुंचे, तो अनिल मृत अवस्था में मिला। विनोद जाटव ने बताया किए उसे रात में रामपाल लोधी का कॉल आया कि अनिल को बिजली के खंभे से करंट लगा है। फिर वह ब्रिजेंद्र और एक अन्य युवक के साथ अनिल को लोडिंग वाहन में डालकर मेडिकल कॉलेज छोड़ गए। कोतवाली प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़ ने बताया किए मेडिकल कॉलेज परिसर के सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन और साथ आए युवकों की पहचान की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मर्ग डायरी कोलारस थाना भेजी गई है। वहीं से आगे की जांच होगी।

### बैराड़ पुलिस ने 24 में चोरी गई बाइक को किया बरामद

**शिवपुरी।** बैराड़ थाना पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही चोरी गई मोटरसाइकिल को एक बालक के पास से बरामद किया है। बैराड़ थाना प्रभारी रविशंकर कौशल के अनुसारए फरियादी प्रहलाद पुत्र मदनू बघेल उम्र 60 साल निवासी ग्राम गुरिच्छा थाना गोवर्धन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7 जुलाई को सुबह करीबन 10ण्30 बजे अपनी प्लेटिना मोटरसाइकिल एमपी 33 एमएच 9319 को तहसील के गेट के बाहर खड़ी करके कागजात बनवाने तहसील में गया एवं 1 बजे वापस आया तो मोटरसाइकिल नहीं मिली। मोटरसाइकिल को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर से अपराध क्रमाक 213෴25 धारा 303;2द्ध बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी श्री कौशल द्वारा टीम गठित कर चोरी के मामलों में अज्ञात आरोपी एवं चोरी गई मोटरसाइकिल की पतारसी की जा रही थी तभी आज मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि चोरी गई मोटरसाइकिल को एक लड़का बेडियापुरा रोड पर लेकर खड़ा था।

## धार्मिक स्थल जीर्णोद्धार के लिए पर्यटन विभाग ने भेजी योजना

**ललितपुर।** जनपद में स्थित धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण एवं टीन शेड लगाने के लिए जिला प्रशासन ने पहल की है।
जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर पर्यटन विभाग द्वारा डेढ़ दर्जन से अधिक धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए कार्ययोजना तैयार की गयी है। जिलाधिकारी द्वारा इस कार्ययोजना को निदेशक पर्यटन विभाग को भेजी गयी है। निदेशक द्वारा स्वीकृति मिलते ही आगे की कार्यवाई अमल में लायी जाएगी।
जिला पर्यटन अधिकारी हेमलता ने बताया कि श्रम सेवा योजन मंत्री मनोहर लाल पंथ द्वारा शहर सहित ग्र्र्र्र्र्र्र्रामीण क्षेत्रों में स्थित प्राचीन धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार के निर्देश दिए गए थे। डीएम के आदेश पर इन धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार की कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसमें शहर क्षेत्र में चंडी माता मंदिर पर कारीडोर निर्माण सहित अंजनी माता मंदिर कुम्हैडी पर टीन शैड निर्माण, बालाबेहट में अमोनियां मंदिर, बानपुर डिमरौला देवी मंदिर, वेतपुर धाम, कुआगांव में काली मंदिर, सुनवाहा में ओमकालेश्वर मंदिर, मिर्चवारा से नगारा रोड़ पर हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर, सिमरिया में प्राचीन राम जानकी मंदिर, नाराहट में छोटी माता मंदिर, धौर्रा में रेलवे लाइन पर स्थित हनुमान मंदिर पर टीन शेड निर्माण सहित रणछोर धाम पर धर्मशाला निर्माण, खितवांस में गंगा देवी मंदिर, तालाब घाट निर्माण, मड़ावरा की पारौल में हनुमान मंदिर पर कुटी धाम एवं डोंगरा खुर्द में डोंगरासन माता मंदिर पर बनी सीढ़ियों पर टीन शैड की कार्ययोजना बनाकर शासन को भेजी गई है। जिलाधिकारी ने धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार एवं टीन शैड निर्माण की कार्ययोजना शासन को भेजी है। साथ ही साथ इस संबंध में समस्त तहसीलदारों को अपने अपने क्षेत्र में स्थित धार्मिक मंदिरों के भूमि अभिलेख, खसरा, खतौनी, नजरी नक्शा का विवरण पर्यटन विभाग के प्रारूप पर तैयार कर कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि शासन की मंशा अनुरूप धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार हो सके।

## दुष्कर्म केस में गिरफ्तारी के खिलाफ पाल समाज का प्रदर्शन

# कब्जे और झूठे केस का आरोप, कलेक्टर से की अमोला टीआई को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



अमोला थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किए गए राकेश पाल को लेकर मंगलवार को पाल समाज ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि राकेश को झूठे केस में फंसाकर उसकी पारिवारिक जमीन कब्जाने की कोशिश की गई।

जानकारी के मुताबिक नाराई निवासी राकेश पाल की गिरफ्तारी 6 जुलाई को एक शिक्षक की पत्नी की शिकायत पर की गई थी। पाल समाज का कहना है कि राकेश के पिता के नाम गांव में पांच बीघा जमीन दर्ज हैए जिस पर शिकायतकर्ता महिला के पति और कुछ अन्य लोगों की नजर थी। आरोप है कि साजिश के तहत राकेश के खिलाफ दुष्कर्म की एफआईआर कराई गई और उसी दिन पुलिस की मौजूदगी में जमीन पर कब्जा कर लिया गया। प्रदर्शनकारियों ने अमोला थाना प्रभारी अंशुल गुप्ता पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि पूरी कार्रवाई पूर्वनियोजित थी और थाना प्रभारी की मिलीभगत से की गई।

उन्होंने मांग की कि थाना प्रभारी को हटाकर जांच किसी निष्पक्ष एजेंसी से कराई जाए। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने राजस्व अमले को नाराई भेजा। जांच में पाया गया कि विवादित भूमि वन विभाग की है। टीम ने मौके से कब्जे की स्थिति का पंचनामा तैयार किया है। प्रशासन से मांग की है कि राकेश पाल को न्याय कर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो।

### दहेज हत्या के आरोप में वांछित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**ललितपुर।** थाना सौजना पुलिस द्वारा दहेज-हत्या के आरोप में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार भेजा गया।



पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित एवं वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सौजना पुलिस दहेज हत्या के आरोप में फरार चल रहे आरोपी विनोद पुत्र दयालू उर्फ दयाली कुशवाहा को नैकौरा तिराहा ग्राम सौजना थाना सौजना से नियमानुसार गिरफ्तार कर, आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुये न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जिला कारागार भेज दिया गया। वांछित को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष पारुल सिंह चंदेल, उप निरीक्षक अजयपाल, हेड़ कांस्टेबल नीरज कुमार शामिल रहे।

## शिवपुरी-अशोकनगर बॉर्डर पर कांग्रेस विधायकों का काफिला रोका

# नाराज कांग्रेसी बोले- लूट डकैती करने नहीं, लड़ने जा रहे हैं न्याय की लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



मंगलवार को अशोकनगर में आयोजित कांग्रेस के न्याय सत्याग्रह में शामिल होने जा रहे पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह और शिवपुरी जिले के प्रभारी व जौरा विधायक पंकज उपाध्याय के काफिले को इंदार थाना पुलिस ने शिवपुरी.अशोकनगर बॉर्डर पर रोक दिया। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मौके पर नाराजगी जताई और विरोध किया।

बताया गया कि दोनों विधायक दर्जनों गाडियों के काफिले के साथ अशोकनगर की ओर जा रहे थे। इंदार थाना क्षेत्र में पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर काफिला रोक लिया। इससे विवाद की स्थिति बन गई। कार्यकर्ताओं ने मौके पर ही नारेबाजी की और पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस अवैध शराब और अपराधियों पर कार्रवाई नहीं करतीए लेकिन जब विपक्ष लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करता है तो उसे रोका जाता है। हम न्याय की लड़ाई लडने जा रहे हैंए न कि कोई अपराध करने।

विधायक कैलाश कुशवाह और पंकज उपाध्याय ने पुलिस की कार्रवाई को अनावश्यक बताते हुए कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से हो रहे सत्याग्रह में शामिल होने जा रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं को रोकना अलोकतांत्रिक है। उन्होंने कहा कि यह विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास है।



### विकासखंड स्तर पर बूथ लेवल अधिकारियों का छह दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**पिछोर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन कार्यालय मध्य प्रदेश के आदेशानुसार पिछोर शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय के सभागार में बीएलओ का छः दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण मंगलवार 8 जून को पिछोर अनुविभागीय एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शिवदयाल धाकड़ के निर्देशन में यह प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया जो की यह लगातार 6 दिवस तक चलेगा जिसमें 50-50 बीएलओ के बैच बनाए गए हैं। इन सभी को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। मास्टर ट्रेनर के रूप में विकास भार्गव,आशीष साहू, हेमराज टेंगरें तथा नीरज साहू उपस्थित रहेंगे, तथा सभी बीएलओ को ट्रेनिंग के दौरान मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने तथा संशोधन करने के लिए फॉर्म 6,7,8 कैसे भरा जाता है प्रोजेक्टर के द्वारा समझाया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान पिछोर तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर, निर्वाचन सुपरवाइजर हरिदास त्रिपाठी, निर्वाचन कार्यालय से अंकेश रजक, स्वराज भट्ट,शिवम पटसारिया आदि उपस्थित थे।

## बरसात में सर्पदंश में इजाफा, रोजाना 4 से 5 केस

# सांप के काटने पर कराएं उपचार: डॉ. जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बरसात के मौसम में सर्प के काटने पर लोग किसी भी अफवाहों में न आए, मरीज की झाडफ़ूंक न कराकर सीधे उपचार के लिए समीपवर्ती स्वास्थ्य केन्द्र या मेडीकल कालेज पर लाए, जिससे कि सांप के काटने वाले व्यक्ति को समय पर उपचार मिल सके और उसकी जान बचाई जा सके।

यह अपील मेडीकल कालेज के मीडिया प्रभारी डा. विशाल जैन ने लोगों से की है। बरसात के मौसम में जल भराव होने से बिलों में रहने वाले सर्प के अलावा अनेक जहरीले जीव जंतु बाहर आ जाते हैं, अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर रेंगते हैं, ऐसे में जब गलती से लोग अनदेखी करते हैं, तो सर्प उन्हें काट लेते हैं, पुरानी परम्पराओं के अनुसार सांप के काटने पर लोग मरीज को झाड़ फूक कराने के लिए धार्मिक स्थलों पर ले जाते हैं, जिससे मरीज की जान पर बन आती है। यदि सांप काटने वाले मरीज को तत्काल उपचार मिल जाए, तो उसकी जान बचायी जा सकती है।

### झाडफ़ूंक कराने में गंवा देते हैं मरीज की

मेडीकल कालेज के सर्जन एवं मीडिया प्रभारी डा. विशाल जैन ने बताया कि सांप के काटने पर अधिकांश लोग अंध विश्वासी बने हुए हैं, सांप के काटने पर वह पहले झाड़ फूंक एवं तंत्र मंत्र कराने में लग जाते हैं, जिसमें काफी समय बर्बाद हो जाता है, जब तक मरीज को उपचार के लिए अस्पताल लाया जाता है, तब तक काफी देर हो जाती है। तब तक मरीज की जान चली जाती है। उन्होंने बताया कि सांप के काटने पर सबसे पहले उसे उपचार के लिए अस्पताल लाएं। उन्होंने यह भी बताया कि सांप के जहरीला होने की जानकारी न होने पर मरीज को पांच से आठ इंजेक्शन लगाने पड़ते हैं।

मेडीकल से मिली जानकारी के अनुसार बारिश का सीजन शुरू होते ही सांप के डसने के मामले बढऩे लगे हैं, ऐसा कोई भी दिन बाकी नहीं जाता है, कि जिस दिन सांप काटने के चार पांच मरीज उपचार के लिए न आ रहे हों। अधिकांश मरीज ऐसी दशा में आते हैं, जिन्हें उपचार के पहले झाड़ फूंक के लिए धार्मिक स्थलों पर जे जाया होता है, समय पर उपचार न मिलने के कारण उनकी जान बन आती है। माह जून से लेकर अब तक सवा सौ मामले सर्प दंश के आ चुके हैं। बरसात के मौसम को देखते हुए सभी प्राथमिक, सामुदायिक एवं मेडीकल कालेज में एंटी स्नेक बेनम इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में रखे गए हैं।

### इनका कहना है

बरसात के मौसम में सांपों के बिल से बाहर आने पर वह लोगों को काट लेते हैं, सांप के काटने पर झाडफ़ूंक के चक्कर में न पड़े, तत्काल मरीज को चिकित्सालय में लाएं, जिससे कि मरीजों की जान बचायी जा सके।

**डा. विशाल जैन** मीडिया प्रभारी/सर्जन मेडीकल कालेज ललितपुर।




### मातृत्व सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य को लेकर सांसद ने किया डॉ. बृजेश शर्मा को सम्मानित

**पिछोर।** गत दिवस कैंसर हॉस्पिटल ग्वालियर के शीतला साहय सभागार में जे.सी.आई ग्वालियर अस्पताल द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। जिस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्वालियर सांसद भारतसिंह कुशवाहा द्वारा की गई, जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्वालियर कलेक्टर रुचिका सिंह चौहान एवं कार्यक्रम के संयोजिक के रूप में कविता सोनी उपस्थित थी। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर में पदस्थ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बृजेश कुमार शर्मा को मातृत्व सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर ग्वालियर सांसद भारतसिंह कुशवाहा द्वारा सम्मानित किया बता दें डॉक्टर शर्मा के द्वारा विगत 13 वर्षों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर में लगभग 44000 सामान्य प्रसव तथा 1065 सिजेरियन प्रसव,1002 ब्लड ट्रांसफ्यूजन,28000 महिला नसबंदी (एलटीटी) 22000 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी लगभग 3800 एमपीपी का कार्य किया गया, डॉ शर्मा के सम्मानित होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शिवपुरी डॉक्टर संजय ऋसेश्वर,खंड चिकित्सा अधिकारी संजीव सांडे तथा समस्त चिकित्सा स्टाफ सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें हार्दिक बधाइयां दी।